कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सिया राम मीना निवासी ग्राम बैजूपाडा तहसील बैजूपाडा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा

अपील संख्या 100/2025

निर्णय

दिनांक 07.10.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बैजूपाडा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बैजूपाडा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2445 दिनांक 08.09.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बैजूपाडा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। अपील मीमो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना के बिन्दु सं0 3 की सूचना जो कि उपतहसीलदार के कार्यकाल में हुए रजिस्टर पट्टों की सूची है जो कि विश्लेषणात्मक है। अपीलांट संबंधित पट्टों की पृथक से सूचना प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बैजूपाडा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को बिन्दु सं0 1 से 2 व 4 की सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:46:05 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा